# इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

वर्ष 17 अंक 222 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12


जब तक आपका शरीर स्वस्थ और नियंत्रण में है और मृत्यु दूर है, अपनी आत्मा को बचाने की कोशिश कीजिये, जब मृत्यु सर पर आ जायेगी तब आप क्या कर पाएंगे?
-चाणक्य

तापमान - अधिकतम 38.5°C (-0.0) न्यूनतम 24.1°C(+2.5) सेंसेक्स 78,553.20 (+1508.91) निफ्टी 23,851.65 (+414.45) सोना 97,460 चांदी 1,00,000 मुद्रा - डालर 85.40 दिरहम 23.25 रियाल 23.77



# एरा के डीन डॉ. फरीदी लेजेंड ऑफ दिल्ली अवार्ड से सम्मानित

## दिल्ली में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने दिया सम्मान

लखनऊ (ब्यूरो)। एरा लखनऊ मेडिकल कालेज के डीन एमेरिटस डॉक्टर एमएमए फरीदी को गुरुवार को दिल्ली में लेजेंड आफ दिल्ली अवार्ड से सम्मानित किया गया। लेजेंड आफ दिल्ली अवार्ड चिकित्सा क्षेत्र में मिलने वाला दिल्ली का एक प्रतिष्ठित सम्माान है। यह अवार्ड इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी)की ओर से दिया गया है। जिसकी स्थापना 1963 में हुई थी।

गुरुवार को दिल्ली के रोहिनी स्थित जयपुर गोल्डेन अस्पताल के आडिटोरियम में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान डाक्टर फरीदी को इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स दिल्ली के अध्यक्ष डाक्टर पंकज गर्ग और सचिव डाक्टर श्याम सुन्दर मीणा के नेतृत्व में दिल्ली प्रतिष्ठित डाक्टरों द्वारा यह सम्मान दिया गया है। बाल रोग के विशेषज्ञ डाक्टर फरीदी दिल्ली में लम्बी सेवा दे चुके हैं। वह पूर्व में दिल्ली स्थित



यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ मेडिकल साइंसेस और जीटीबी अस्पताल में शीर्ष पदों पर कार्य कर चुके है। वह वर्ष 2006 में इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स दिल्ली के अध्यक्ष सहित दिल्ली सरकार के विभिन्न अभियान के मुखिया भी रह चुके हैं।

इस मौके पर दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य निदेशक डाक्टर डीके दीवान, वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ डाक्टर अंजू अग्रवाल, हमदर्द मेडिकल कालेज बालरोग विभाग की प्रमुख डाक्टर संगीता यादव, डाक्टर केसी तमारिया, मौलाना आजाद मेडिकल कालेज की बाल हृदय रोग विशेषज्ञ प्रोफेसर अनीता खलील, डाक्टर जीपी कौशल, डाक्टर मनीश गुप्ता, डाक्टर दीपक गौतम, डाक्टर रशि सिंघल, डाक्टर मनीश गुप्ता, डाक्टर मौलिक प्रजापति और डाक्टर प्रदीप देबाता सहित दिल्ली के विभिन्न अस्पतालों के बाल रोग विशेषज्ञ मौजूद थे।